26.08.2019 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान में संपन्न हुए भ्रमण कार्यकमों का संक्षिप्त ब्यौरा,

1.कर्नाटक राज्य वन अकादमी, धारवाड़ के प्रशिक्षु क्षेत्रीय वन अधिकारीयों का भ्रमण

कर्नाटक राज्य वन अकादमी, धारवाड़ के 45 प्रशिक्षु क्षेत्रीय वन अधिकारीयों के दल ने दिनांक 26.08.2019 को संकाय सदस्य श्री सी. एम. अम्मानवर (सेवानिवृत उप वन संरक्षक), श्री एस. ए. पेंदारी (उप क्षेत्रीय वन अधिकारी) के निर्देशन में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण किया। भ्रमण के प्रारम्भ में संस्थान के सेमिनार कक्ष में श्री एम. आर. बालोच (भा.व.से.), निदेशक शुष्क वन अनुसंधान, जोधपुर ने प्रशिक्षणार्थीयों को संबोधित किया एवं सभी का परिचय लिया| श्री बालोच ने संस्थान के उद्देश्यों के बारे में बताया | डॉ संगीता सिंह वैज्ञानिक-ई, प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग ने पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के द्वारा संस्थान की विभिन्न शोध गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में बताया एवं प्रशिक्षणार्थी द्वारा पूछे गए सवालो का जवाब देकर उन्हे मार्गदर्शित किया | डॉ आई. डी. आर्य समूह समन्वयक (शोध) ने वानिकी अनुसंधान के बारे में बताया एवं पर्यावरण के क्षेत्र में अनुसंधान संस्थानो के महत्त्व के बारे में बताया | इस अवसर पर श्री शारदा प्रताप सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी, जोधपुर भी उपस्थित थे | श्री सिंह ने भी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए वनीय क्षेत्रों में आने वाली समस्याओं का समाधान सुझाया | श्री रमेश कुमार मालपानी उप वन संरक्षक वानिकी के संबंध में जानकारी दी |

श्री धाना राम वरिष्ठ तकनीकी आधिकारी, श्रीमती कुसुमलता परिहार वरिष्ठ तकनीकी आधिकारी, श्री शैलेंद्र सिंह राठौड़ तकनीशियन विस्तार प्रभाग, का भ्रमण कार्यक्रम में सहयोग रहा |

2. डिप्लोमा इन एग्रिकल्चर एक्सटैन्शन सर्विसेस फॉर इनपुट डीलर्स के सहभागियो का शुष्क भ्रमण

डिप्लोमा इन एग्रिकल्चर एक्सटेन्शन सर्विसेस फॉर इनपुट डीलर्स (DAESI) के 40 सहभागियो के दल ने प्रो. आर. पी. जांगीड़ फेसिलिटेटर, डी.ए.ई.एस.आइ, मंडोर के निर्देशन में दिनांक 26.08.2019 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर का भ्रमण किया। भ्रमण के प्रारम्भ में डॉ. बिलास सिंह, मुख्य तकनीकी आधिकारी, विस्तार प्रभाग ने संस्थान के विस्तार एवं निर्वाचन केंद्र में छात्रों को संस्थान की अनुसंधान गतिविधियों के बारे में बताया एवं विस्तार एवं निर्वाचन केंद्र का भ्रमण करवाया | सहभागियो ने संस्थान की प्रायोगिक पौधशाला का भ्रमण किया जहाँ श्री सादुल राम देवड़ा, तकनीकी आधिकारी ने नर्सरी की नवीन तकनीक से छात्रों को अवगत करवाया | श्री शैलेंद्र सिंह राठौड़ तकनीशियन, विस्तार प्रभाग ने नर्सरी का भ्रमण करवाया |

श्रीमति कुसुमलता परिहार, वरिष्ठ तकनीकी आधिकारी, श्री धाना राम, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, और श्री तेजा राम, विस्तार प्रभाग का भ्रमण में सहयोग रहा |